भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3549
उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

ओएनओएस योजना का कार्यान्वयन और उपयोग की स्थिति

†3549. **श्री अभिषेक बनर्जी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' (ओएनओएस) प्लेटफॉर्म के लिए पात्र, ऑनबोर्ड किए गए और सक्रिय रूप से उपयोगकर्ता संस्थाओं की राज्य-वार और संस्थागत श्रेणी-वार संख्या कितनी है;
(ख) ओएनओएस के अंतर्गत दर्ज की गई पंजीकृत उपयोगकर्ताओं, सक्रिय उपयोगकर्ताओं, लॉगिन, पूर्ण-पाठ डाउनलोड और असफल पहुंच प्रयासों की संख्या का संस्था-वार और प्रकाशक-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) ओएनओएस पहल के अंतर्गत प्रकाशकों को भुगतान की गई या प्रतिबद्ध राशि का प्रकाशक-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) ऐसे पात्र संस्थानों की संख्या कितनी है जिन्हें ओएनओएस के अंतर्गत ऑनबोर्ड नहीं किया गया है और ऑनबोर्ड की गई उन संस्थाओं की संख्या कितनी है जिन्होंने शून्य उपयोग दर्ज किया है और इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या सरकार ने पूर्व-मौजूद संस्थागत सदस्यताओं के साथ दोहराव, कम उपयोग, पहुंच से इनकार या ओएनओएस के अंतर्गत केंद्रीय संस्थाओं और राज्य विश्वविद्यालयों के बीच उपयोग में असमानताओं का आकलन करने के लिए कोई संपरीक्षा आयोजित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख): वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) योजना जनवरी 2025 में तीन वर्ष की अवधि के लिए शुरू की गई थी। इस योजना में केंद्र सरकार के सभी उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई), राज्य सरकार के एचईआई और केंद्र सरकार के अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) संस्थानों के लिए शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक देशव्यापी पहुंच की परिकल्पना की गई है। शामिल संस्थान, पंजीकृत उपयोगकर्ता, फूल -टेक्स्ट डाउनलोड, राज्य -वार और संस्थान -श्रेणी -वार और प्रकाशक -वार फूल -टेक्स्ट डाउनलोड उपलब्ध हैं https://www.onos.gov.in/

(ग): ओएनओएस के तहत प्रकाशकों को भुगतान की गई राशि का ब्यौरा प्रकाशक -वार और वर्ष -वार अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ): केंद्र सरकार के सभी उच्चतर शिक्षा संस्थान (एचईआई), राज्य सरकार के एचईआई और केंद्र सरकार के अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) संस्थान ओएनओएस का उपयोग करने के लिए पात्र हैं। इन संस्थानों का ऑनबोर्डिंग एक सतत प्रक्रिया है। अब तक, 6,215 पात्र संस्थानों को ओएनओएस के तहत सफलतापूर्वक ऑनबोर्ड किया गया है। ऑनबोर्डिंग में डेला और कम उपयोग जैसे मामलों को हल करने के लिए, भारत सरकार ने सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र (इन्फ्लिबनेट) के माध्यम से, देश भर में जागरूकता को बढ़ावा देने और योजना के उपयोग को बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं। इनमें संस्थागत स्तर पर नोडल अधिकारियों के साथ विशेष व्याख्यान आयोजित करना और वेबिनार आयोजित करना शामिल है। इसके अलावा, डिजिटल पहुंच तक सीमित पहुंच वाले संस्थानों तक पहुंचने के लिए विश्वविद्यालयों के सहयोग से ऑफ़लाइन जागरूकता सत्र आयोजित किए गए हैं। निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए, इन्फ्लिबनेट प्रश्नों को हल करने और ओएनओएस को सुचारू रूप से अपनाने की सुविधा के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) भी अपलोड करता है।

(ङ): ओएनओएस योजना के तहत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की पूर्ववर्ती पहलों को एकीकृत किया गया है, जो पहले अनुसंधान प्रकाशनों तक पहुंच प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से पुस्तकालय संघों की सदस्यता लेती थीं। व्यय के दोहराव को खत्म करने और एक ही व्यापक योजना के तहत पहुंच को सुव्यवस्थित करने के लिए यह समेकन किया गया था। ओएनओएस तक पहुंच अद्वितीय एआईएसएचई कोड रखने वाले पात्र संस्थानों को दी जाती है। योजना के तहत समान पहुंच सुनिश्चित की जाती है, जिसमें कम उपयोग , अस्वीकृति या उपयोग में असमानता की कोई समस्या नहीं है।

*****

अनुलग्नक

ओएनओएस योजना का कार्यान्वयन और उपयोग की स्थित के संबंध में संसद सदस्य श्री अभिषेक बनर्जी द्वारा पूछे गए दिनांक 10.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3549 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

ओएनओएस पहल के तहत प्रकाशकों को भुगतान की गई या प्रतिबद्ध राशि, प्रकाशक-वार और वर्ष-वार ब्यौरा

(रुपए करोड़ में**)**

क्र.सं.	**प्रकाशक**	2025	2026
1.	अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस (एएएएस- साइंस)	6.75	8.01
2.	एसीएम डिजिटल लाइब्रेरी	8.96	10.40
3.	अमेरिकन केमिकल सोसाइटी जर्नल्स	66.60	78.18
4.	अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एयरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (एआईएए) जर्नल्स	6.72	7.81
5.	अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिक्स जर्नल्स	30.82	35.78
6.	अमेरिकन मैथमेटिकल सोसाइटी जर्नल्स	3.24	3.77
7.	अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी - सभी	22.36	26.02
8.	अमेरिकन सोसाइटी फॉर माइक्रोबायोलॉजी जर्नल्स	2.64	3.07
9.	एनुअल रिव्यूज़ जर्नल्स	7.84	8.97
10.	एएससीईजर्नल्स ऑनलाइन	7.73	8.98
11.	एएसएमई जर्नल्स ऑनलाइन	7.78	9.03
12.	बेंथम साइंस जर्नल्स	2.43	2.88
13.	बीएमजे जर्नल्स	12.88	15.39
14.	कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस जर्नल्स	21.08	25.62
15.	कोल्ड स्प्रिंग हार्बर लेबोरेटरी प्रेस जर्नल्स	2.05	2.43
16.	एल्सेवियर साइंसडायरेक्ट जर्नल्स	541.50	640.42
17.	एमराल्ड पब्लिशिंग जर्नल्स	38.48	45.26
18.	आईसीई पब्लिशिंग जर्नल्स	2.52	2.96
19.	आईईईई जर्नल्स	111.81	132.24
20.	IndianJournals.com	6.27	6.77
21.	इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिक्स जर्नल्स	31.97	38.26
22.	लिपिनकॉट विलियम्स एंड विल्किंस (वोल्टर्स क्लूवर) जर्नल्स	42.71	50.63
23.	ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस जर्नल्स	31.08	36.05
24.	प्रोजेक्ट म्यूज़	8.38	9.75
25.	रॉयल सोसाइटी ऑफ़ केमिस्ट्री (आरएससी) जर्नल्स*	-	44.62
26.	सेज पब्लिशिंग जर्नल्स	57.64	67.18
27.	एसपीआईई डिजिटल लाइब्रेरी	2.47	2.87
28.	स्प्रिंगर नेचर जर्नल्स	182.60	241.73
29.	टेलर एंड फ्रांसिस जर्नल्स	124.86	145.00
30.	थीम जर्नल्स	4.51	4.87
31.	विली जर्नल्स	187.62	217.90
32.	वर्ल्ड साइंटिफिक पब्लिशिंग जर्नल्स*	-	9.69
	कुल	**3609.30**	**3968.54**

***वर्ष 2026 में योजना के तहत शामिल।**

****